स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ करने दक्ष मानव संसाधन जरूरी : शुक्ल

राष्ट्रीय आयोग से अनुमोदित पाठ्यक्रमों शैक्षणिक सत्र 2026-27 से प्रारंभ करने के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

भोपाल, 16 अक्टूबर. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी और सुदृढ़ बनाने के लिए सह-चिकित्सीय क्षेत्र में दक्ष एवं प्रशिक्षित मानव संसाधन की उपलब्धता महत्वपूर्ण है.

आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों और तकनीकों के अनुरूप युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश में एलाइड एंड हेल्थकेयर पाठ्यक्रमों को शैक्षणिक सत्र 2026-27 से प्रारंभ करने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही की जाए. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने वल्लभ भवन में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में राष्ट्रीय एलाइड एंड हेल्थकेयर आयोग, भारत सरकार द्वारा जारी अंतरिम दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही करते हुए आयोग द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रमों को मध्यप्रदेश में तत्काल प्रभाव से प्रारंभ करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि संबद्धता एवं प्रवेश प्रक्रिया निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें. उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय आयोग द्वारा एलाइड एंड हेल्थकेयर पाठ्यक्रमों के माध्यम से सह-चिकित्सीय क्षेत्र में उन्नयन, आधुनिक तकनीक के विस्तार तथा देशभर में पाठ्यक्रमों में एकरूपता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अंतरिम दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं. मध्यप्रदेश में इन पाठ्यक्रमों का संचालन निर्धारित मानकों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुनिश्चित करने के लिए लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा उच्च शिक्षा विभाग के मध्य समन्वय के साथ आवश्यक कार्यवाही की जाएगी. बैठक में उच्च शिक्षा आयुक्त प्रबल सिंह, एलाइड काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार, एलाइड काउंसिल के सचिव डॉ. शेलोज जोशी सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

विकास कार्यों की हकीकत जानने पहुंचीं केंद्र की टीम

नर्मदापुरम, 16 अक्टूबर . भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय की संयुक्त सचिव मुक्ता शेखर ने जिले के तीन दिवसीय भ्रमण के दूसरे दिन मघरिया, छेड़का और टेकापार ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया.

इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों, पंचायत प्रशासन, ग्राम सभा की कार्यप्रणाली और ग्रामीणों की सहभागिता का जायजा लिया. उन्होंने जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन से मुलाकात कर जिले में संचालित विकास कार्यों एवं पंचायती राज योजनाओं की समीक्षा भी की. मघरिया पंचायत में संयुक्त सचिव ने 15वें वित्त आयोग की राशि से कराए गए सड़क और नाली निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों का अवलोकन किया. उन्होंने पंचायत के अभिलेखों और ग्राम सभा रजिस्टर की जानकारी ली तथा सरपंच, पंच एवं ग्रामीणों से चर्चा कर विकास कार्यों की स्थिति जानी. छेड़का पहुंचने पर ग्रामीणों ने तिलक लगाकर पारंपरिक लोकनृत्य के साथ उनका स्वागत किया. ग्रामीण संस्कृति से प्रभावित होकर संयुक्त सचिव ने भी लोकनृत्य में सहभागिता की. इसके बाद उन्होंने गांव में होम स्टे का निरीक्षण किया और मक्के की रोटी, स्थानीय सब्जियों तथा विभिन्न चटनियों का स्वाद लिया. इस दौरान ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने और होम स्टे के माध्यम से स्थानीय लोगों की आजीविका के अवसर बढ़ाने की संभावनाओं पर भी ध्यान दिया गया.भ्रमण के अगले चरण में उन्होंने टेकापार पंचायत का निरीक्षण कर पंचायत की कार्यप्रणाली और ग्रामीणों की आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की. इस अवसर पर उपसंचालक सुधीर जैन, सलाहकार प्रखर जैन, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन सहित जिला एवं जनपद स्तर के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे.

प्रदेश के किसानों पारदर्शी और बेहतर सुविधाएं कराएंगे मुहैया

▶ राघवेन्द्र सिंह ने मंडी बोर्ड का संभाला कार्यभार

नवभारत न्यूज

भोपाल, 16 अक्टूबर. मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड के नवागत आयुक्त-सह-प्रबंध संचालक आईएएस राघवेन्द्र सिंह ने शुक्रवार का कार्यभार ग्रहण किया. आईएएस सिंह ने पदभार ग्रहण करते ही बोर्ड की विभिन्न गतिविधियों, कार्यप्रणाली एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी ली और अपनी प्राथमिताएं बताई.

उन्होंने कहा कि वर्तमान आईटी युग में मंडी बोर्ड को भी सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभानी है. उन्होंने विभागीय कार्यों में आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग, कार्यप्रणाली को अधिक सुगम एवं पारदर्शी बनाने तथा किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया. मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के सहायक संचालक योगेश नागले ने बताया कि नवागत आईएएस सिंह ने अपर प्रबंध संचालक अनुराग सक्सेना, अपर संचालक अमन पस्तोर, संगीता ढोके, संयुक्त संचालक एसके कुमरे, नितिन कोल्हे, उप संचालक रश्मि कश्यप, अविनाश पाठे, सोना जायसवाल, चीफ प्रोग्रामर संजीव अग्निहोत्री आदि अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की.

किसानों ने खेत पाठशाला में नरवाई नहीं जलाने का लिया संकल्प

नवभारत न्यूज

माखन नगर , 16 अक्टूबर. किसान कल्याण एवं कृषि विभाग नर्मदापुरम के तत्वावधान में विकासखंड माखन नगर की ग्राम पंचायत चपलासर और आंखमऊ में किसान खेत पाठशाला आयोजित की गई.

नरवाई प्रबंधन के लिए चलाए जा रहे प्रेरणा अभियान के तहत किसानों को फसल कटाई के बाद खेतों में नरवाई नहीं जलाने के प्रति जागरूक किया गया. कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों और विशेषज्ञों ने बताया कि नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरता प्रभावित होती है. इससे भूमि में मौजूद मित्र कीट और सूक्ष्म जीव नष्ट होते हैं. साथ ही वायु प्रदूषण बढ़ने से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है.

किसानों को नरवाई जलाने के विकल्पों की जानकारी देते हुए फसल अवशेषों को सड़ाकर जैविक खाद बनाने की तकनीक समझाई गई. इससे मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने और फसल उत्पादन में मदद मिल सकती है. पाठशाला के दौरान किसानों ने कृषि विशेषज्ञों से खेती से जुड़े सवाल पूछे और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त की.

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और स्थानीय किसान शामिल हुए. इस दौरान किसानों ने अपने खेतों में नरवाई नहीं जलाने तथा अन्य किसानों को भी इसके लिए जागरूक करने का संकल्प लिया. अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण और भूमि की उर्वरता बनाए रखने के लिए नरवाई प्रबंधन के वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने की अपील की.

इटारसी में ढाई लाख के अवैध पटाखे जब्त

इटारसी, 16 अक्टूबर. इटारसी पुलिस ने पुरानी इटारसी के कावड़ मोहल्ला स्थित एक मकान से करीब ढाई लाख रुपए कीमत के पटाखे जब्त किए हैं. पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि मनीष चौधरी के घर में बड़ी मात्रा में पटाखों का अवैध भंडारण किया गया है. वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर तलाशी ली. तलाशी के दौरान कमरे से विभिन्न किस्म के पटाखों के पैकेट और बड़ी मात्रा में पटाखे बरामद हुए.

कॉलेज में योग, आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

सिवनी मालवा. कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और माय भारत के संयुक्त तत्वावधान में योग एवं आत्मरक्षा दिवस मनाया गया. कार्यक्रम में 200 से अधिक स्वयंसेवकों ने योगाभ्यास किया. छात्राओं को आत्मरक्षा के व्यावहारिक तरीके सिखाए गए. साथ ही तनाव प्रबंधन और नशामुक्त जीवन का महत्व बताया गया.

कार्यालय नगर पालिका परिषद, सौसर, जिला पांढूरना (म.प्र)

Email ID - cmosonsar@mpurban.gov.in Phone No. -

क्रमांक 400/न.पा.प./2026 सौसर, दिनांक – 13/10/2026

//निविदा सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5
2026_UAD_522589_1 दि. 13-10-2026	नगरीय क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 01 से 15 तक विभिन्न स्थलों पर सी.सी. सड़क, आर.सी.सी. नाली, रिटेनिंग वॉल, सामुदायिक भवन, बाउंड्रीवाल, सड़क मजबूतीकरण निर्माण कार्य	06 माह, 2,46,83,317/-	15,000/- 1,23,500/-	17-11-2026

शर्त – निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सौसर

M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED
Addl. Chief Engineer (THC), Sirmour, Rewa (M.P.)

NOTICE INVITING TENDER (THROUGH E-TENDERING PROCESS ONLY)

M.P. Power Generating Co. Ltd. invites e-tenders from Manufacturer/authorized distributor/authorized dealer/supplier/reputed/established Contractor/Firm/Service Provider/Joint Venture for the following items:-

Tender No.	Tender Particulars	Estimated cost in Rs. (inclusive of Taxes)/ Tender cost in Rs./Period	EMD in Rs.	Date and time for closing of online submission	Date & time of e-opening of tender
2025_ MPPGC_ 465004_3	Procurement of power contactor and auxiliary contactor relays for BHPS-IV, Jhinna and THPS-I, Sirmour.	10.83 Lakh/ 1000/-	21,700/-	28.10.2026 Up to 15:00 hrs.	30.10.2026 from 15:00 hrs. onwards
2026_ MPPGC_ 511173_2	Work contract for hiring of 26 Nos. Semi-skilled personnel for providing assistance in day to day operation & maintenance related works at THC, Sirmour.	138 Lakh/ 5000/- Period 24 Months	2,00,000/-	22.10.2026 Up to 15:00 hrs.	23.10.2026 from 15:00 hrs. onwards

For further details of amendments/extensions/corrigendums etc. please visit website **https://mptenders.gov.in** in regularly. No separate information shall be published in print media for instant tender.

M.P. Madhyam/128655/2026 // SAVE ELECTRICITY // ADDL. CHIEF ENGINEER (THC)

म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम मर्या.
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन नं. : +91 755-4027100, 2774340,42, www.mpstdc.com
क्रमांक 506/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक : 16.10.2026

निविदा सूचना 350/2026_STDC_543900_1

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:-** मुख्यालय म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल में टूरिस्ट रिसेप्शन सेंटर, सेन्ट्रल मार्केटिंग हव का उन्नयन एवं अन्य विकास कार्य। **(09 माह)। कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 250.00 लाख**

वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की अंतिम तिथि 06.11.2026 समय सायं 05:00 बजे तक निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/128660/2026 **कार्यपालन यंत्री**

ICICI Bank

पंजीकृत कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक टॉवर, चकली सर्कल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा - 390007, गुजरात

कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा पूर्व, मुंबई - 400051, महाराष्ट्र

शाखा पुनःस्थापन सूचना

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, नयाखेड़ा शाखा की ओर से

प्रिय ग्राहको,

हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि 18 दिसंबर, 2026 से हम अधिक सुविधाजनक स्थान पर स्थानांतरित हो रहे हैं। पता नीचे उल्लिखित है:

नया पता: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, खसरा नंबर-45/2, वार्ड नंबर-01, नयाखेड़ा, गाडरवार रोड, तहसील-बनखेड़ी, जिला-नर्मदापुरम, मध्य प्रदेश - 461990

आपकी खाता संख्या या आपको जारी की गई सुरक्षा मदों में कोई परिवर्तन नहीं होगा। हम आपको सदैव अपनी सर्वोत्तम सेवाएं देने का आश्वासन देते हैं।

सादर,
शाखा प्रबंधक, नयाखेड़ा शाखा

श्रीअन्न प्रोत्साहन कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड
36- बीज भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल 462011
दूरभाष+917400992084, +91 7554373397
ई-मेल - shriannafederation@gmail.com वेबसाइट shriannafederation.in
क्रं./SF/26-27/141 दिनांक : 17/10/2026

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न लिखित कार्यों हेतु श्रीअन्न फेडरेशन में केन्द्रीकृयत पंजीयन के तहत पंजीकृत निविदाकारों से ऑफ़लाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.shriannafederation.in पर देखा जा सकता है।

एन.आई.टी. क्र.	कार्य का नाम	कार्य अनुमानित लागत रुपए में	निविदा प्रपत्र का मूल्य	टेंडर जमा करना
क्रं./SF/ 26-27 /141	पी.पी. बुने बैग	₹150 लाख	₹1000	स्पीड/रजिस्ट्री पोस्ट के माध्यम से ऑफ़लाइन प्रस्तुत करना है

सभी बोलीदाताओं को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए Rs.1000 का अनिवार्य डिमांड ड्राफ्ट (DD) कंपनी के नाम पर सभी आवश्यक सहायक दस्तावेज़ों के साथ एक सीलबंद लिफाफा में संलग्न कर, कंपनी के पते पर स्पीड/रजिस्ट्री पोस्ट द्वारा भेजना अनिवार्य है। देर से जमा किए गए प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएँगे। **निविदा ऑफ़लाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30/10/2026 सायं 5.00pm बजे निर्धारित है।** विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है।

प्राधिकृत अधिकारी
श्रीअन्न प्रोत्साहन कंसोर्टियम

कब्जे की सूचना

चूंकि, नीचे हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी, एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी हैं और (Arcil) के ट्रस्टी के तौर पर काम कर रहे हैं (जैसा कि नीचे दी गई तालिका में बताया गया है)। यह कार्रवाई 'फाइनेंशियल एसेट्स के सिक्युरिटाइजेशन और रिकंस्ट्रक्शन और सिक्योरिटी इंटरेस्ट के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54)' ("उक्त अधिनियम") के तहत और उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए की जा रही है, जिसे 'सिक्योरिटी इंटरेस्ट (प्रवर्तन) नियम, 2002' ("उक्त नियम") के नियम 3 के साथ पढ़ा जाए। इसके तहत एक डिमांड नोटिस (जैसा कि नीचे दी गई तालिका में बताया गया है) जारी किया गया था, जिसमें उधारकर्ता (जैसा कि नीचे दी गई तालिका में बताया गया है), गारंटरों और बंधक रखने वालों से लोन नंबर - (जैसा कि नीचे दी गई तालिका में बताया गया है) के तहत बकाया राशि चुकाने के लिए कहा गया था; जिसका विवरण नीचे दी गई तालिका में दिया गया है:

उधारकर्ता/गारंटर/बंधक रखने वालों द्वारा उक्त राशि का भुगतान न कर पाने के कारण, उधारकर्ता/गारंटर/बंधक रखने वालों और आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि नीचे हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) और उक्त नियमों के नियम 8 के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, नीचे बताई गई अचल संपत्ति का सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया है। यह कब्जा "जैसा है, जहाँ है और जो है, उसी स्थिति में" के आधार पर नीचे बताई गई तारीख को लिया गया है।

क्र. सं.	उधारकर्ता और गारंटरों का नाम	LAN नंबर / ट्रस्ट का नाम / बैंक का नाम	मांग सूचना तारीख और राशि	कब्जा तारीख
1.	दीपेंद्र बागवान (उधारकर्ता), चेन सिंह (सह-उधारकर्ता) पताः ग्राम खजुरिया जावर, पोस्ट जावर, जावर सीहोर जिला, सीहोर, मध्य प्रदेश, 466221।	101043541592 आर्सिल - ट्रस्ट -2026- 032 नॉर्दर्न ARC कैपिटल लिमिटेड	रू. 15,14,859.445/- नोटिस की तारीखः 18-05-2026	14.10.2026
	संपत्ति का विवरण: प्रॉपर्टी आईडी 353667202411543743, प्रॉपर्टी का प्रकारः बिल्डिंग, प्रॉपर्टी लैंडमार्कः प्रॉपर्टी का पताः आवासीय प्रॉपर्टी, जो पीएच नंबर 19, प्लॉट/घर नंबर 67, ग्राम खजुरिया जावर, तहसील जावर, जिला सीहोर (म.प्र.) में स्थित है। विकास खंडः R.I. सर्कलः लेआउट विवरणः नजूल/शीट नंबरः प्लॉट नंबरः खसरा नंबर 67, क्षेत्रफल 117.93, ऋण पुस्तिका 00, लगान 00। जिलाः सीहोर, तहसीलः जावर, क्षेत्र का प्रकारः ग्रामीण क्षेत्र, उप-क्षेत्र का प्रकारः नॉन-प्लानिंग एरिया (गैर-नियोजित क्षेत्र)। पटवारी हल्का/गाँवः पटवारी हल्का 00019, गाँव/मोहल्ला/कॉलोनीः खजुरिया जावर। कुल क्षेत्रफल (वर्ग मीटर): 117.93, फ्लोर का नामः ग्राउंड फ्लोर। उत्तरः स्थानीय रास्ता, दक्षिणः अपनी जमीन, पूर्वः भेरू सिंह का घर, पश्चिमः कमल सिंह का घर।			
2.	जीतेन्द्र सिंह (उधारकर्ता), रानू बाई (सह-उधारकर्ता) पताः बड़ा गुराड़िया, सीहोर, गुराड़िया, सीहोर, मध्य प्रदेश, 466221.	106043172978 आर्सिल - ट्रस्ट -2026- 032 नॉर्दर्न ARC कैपिटल लिमिटेड	रू. 11,38,907.412/- नोटिस की तारीखः 18-05-2026	14.10.2026
	संपत्ति का विवरण: कुल प्लॉट/घर का क्षेत्रफल - 2100 वर्ग फुट (195.16 वर्ग मीटर)। प्रॉपर्टी आईडीः 353667202411413846। प्रॉपर्टी का प्रकारः बिल्डिंग। प्रॉपर्टी का पताः मकान नंबर 13, पीएच नंबर 30, ग्राम बांडा गुरड़िया, तहसील जावर, जिला सीहोर (म.प्र.)। विकास खंडः R.I. सर्कलः 11 लेआउट विवरणः नजूल/शीट नंबरः 1 - प्लॉट नंबरः 11। खसरा विवरण और चारों सीमाओं का विवरणः खसरा नंबर 13, क्षेत्रफल 195.16, जिला सीहोर, तहसील जावर, लगान ऋण पुस्तिकाः 0। प्रॉपर्टी का विवरण - स्वतंत्र बिल्डिंग। क्षेत्र का प्रकारः ग्रामीण क्षेत्र। उप-क्षेत्र का प्रकारः नॉन-प्लानिंग एरिया। पटवारी हल्का/गाँवः पटवारी हल्का 00030। गाँव/मोहल्ला/कॉलोनीः गुरड़िया बांडा। कुल क्षेत्रफल (वर्ग मीटर): 195.16। फ्लोर का नामः ग्राउंड फ्लोर। उत्तरः आम रास्ता। दक्षिणः बद्रीलाल का बाड़ा। पूर्वः अपना बाड़ा। पश्चिमः बाबूलाल का मकान।			
3.	यशवन्त सिंह सेंधव (उधारकर्ता), निकिता बाई (सह-उधारकर्ता) पताः वार्ड क्रमांक 1 ग्राम गुंजारी पोस्ट ग्वाली तह जावर, ग्वाली, सीहोर, सीहोर, मध्य प्रदेश, 466118।	106043176451 आर्सिल - ट्रस्ट -2026- 032 नॉर्दर्न ARC कैपिटल लिमिटेड	रू. 12,66,322.821/- नोटिस की तारीखः 18-05-2026	14.10.2026
	संपत्ति का विवरण: प्रॉपर्टी आईडी 35177202410439655, प्रॉपर्टी का प्रकारः बिल्डिंग, प्रॉपर्टी लैंडमार्कः 11, प्रॉपर्टी का पताः मकान नंबर 64, ढ.ल. नंबर 31, सरल नंबर 830, ग्राम पंचायत अटरलिया जावर, ग्राम गुंजारी, तहसील जावर, जिला सीहोर (म.प्र.), विकास खंडः, R.I. सर्कलः, लेआउट विवरणः --, नजूल/शीट नंबरः, प्लॉट नंबरः 64, खसरा नंबर 64, क्षेत्रफल 111.52, जिला सीहोर, तहसील जावर, क्षेत्र का प्रकारः ग्रामीण क्षेत्र, उप-क्षेत्र का प्रकारः नॉन-प्लानिंग एरिया, पटवारी हल्का/गाँवः गुंजारी, गाँव/मोहल्ला/कॉलोनीः गुंजारी, कुल क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) 111.52, फ्लोर का नामः ग्राउंड फ्लोर, उत्तरः गजराज सिंह का मकान, दक्षिणः रास्ता, पूर्वः जयपाल सिंह का मकान, पश्चिमः मानसिंह का मकान			
4.	नरेंद्र सिंह बागवान (उधारकर्ता), दिव्या बागवान (सह-उधारकर्ता) पताः खजूरिया जावर खजूरिया, जावर सीहोर, खजूरिया जावर, सीहोर, मध्य प्रदेश, 466221।	106043325245 आर्सिल - ट्रस्ट -2026- 032 नॉर्दर्न ARC कैपिटल लिमिटेड	रू. 7,05,799.632/- नोटिस की तारीखः 18-05-2026	14.10.2026
	संपत्ति का विवरण: प्रॉपर्टी आईडी 353667202411442223, प्रॉपर्टी का प्रकारः बिल्डिंग, प्रॉपर्टी लैंडमार्कः, प्रॉपर्टी का पताः मकान नंबर 35, पीएच नंबर 19, ग्राम खजुरिया जावर, तहसील जावर, जिला सीहोर, मध्य प्रदेश, विकास खंडः, आर.आई. सर्कलः, लेआउट विवरणः --, नजूल/शीट नंबरः, प्लॉट नंबरः, खसरा विवरणः खसरा नंबर 35, क्षेत्रफल 111.52, जिला सीहोर, तहसील जावर, क्षेत्र का प्रकारः ग्रामीण क्षेत्र, उप-क्षेत्र का प्रकारः नॉन-प्लानिंग एरिया, पटवारी हल्का/गाँवः पटवारी हल्का 00019, गाँव/मोहल्ला/कॉलोनीः खजुरिया जावर, कुल क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) 111.52, फ्लोर का नामः ग्राउंड फ्लोर 53, उत्तरः दिनेश का घर, दक्षिणः गली, पूर्वः कॉमन रोड, पश्चिमः कैलाशचंद्र भगवान का घर			

उधार लेने वाले/गारंटर/गिरवी रखने वाले और आम जनता को सूचित किया जाता है कि ऊपर बताई गई अचल संपत्ति का कानूनी कब्जा Arcil के पास है। SARFAESI एक्ट, 2002 की धारा 13(13) के तहत, यह नोटिस मिलने के बाद उधार लेने वाला/गारंटर/गिरवी रखने वाला या कोई भी व्यक्ति Arcil की लिखित मंजूरी के बिना इस अचल संपत्ति को बेच, पट्टे पर या किसी अन्य तरीके से ट्रांसफर या हस्तांतरित नहीं कर सकता है। इस अचल संपत्ति से जुड़ा कोई भी लेन-देन ऊपर बताई गई राशि के लिए Arcil के अधिकार (चार्ज) के अधीन होगा, जिसमें उस राशि पर तय दर से भविष्य का ब्याज और उससे जुड़े खर्च, लागत, शुल्क आदि भी शामिल होंगे।

उधार लेने वालों/गारंटरों/गिरवी रखने वालों का ध्यान उक्त एक्ट की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर दिलाया जाता है, जो ऊपर बताई गई अचल संपत्ति को छुड़ाने (रिडीम करने) के लिए उपलब्ध समय से संबंधित है।

हस्ताक्षर/-
अधिकृत अधिकारी
एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड

स्थान :- सीहोर
दिनांकः 17.10.2026

एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड
रजिस्टर्ड ऑफिसः द रूबी, 10वीं मंज़िल, 29 सेनापति बापट मार्ग, दादर (पश्चिम), मुंबई- 28. वेबसाइटः www.arcil.co.in; CIN: U65999MH2002PLC134884.

उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं0 : JHS-N-W-82-26 दिनांक : 13.10.2026

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल सिग्नल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

ई-निविदा सूचना संख्या : JHS-N-W-82-26 | कार्य लागत लगभग : Rs. 31648277.31

कार्य का नाम : प्रोविजन ऑफ़ एस्पिरेशन सिस्टम फॉर बैलेंस स्टेशनस एस पर RDSO specification no. RDSO/ SPN/ 217/2021 ver.3.1 और लेटेस्ट ओवर झाँसी डिवीजन।

धरोहर राशि : Rs. 633000/- | निविदा प्रपत्र का मूल्य : Nil.

निविदा खुलने की तिथि : 05.11.2026 Time 15:00

स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि : 12 माह

• निविदा दिनांक **05.11.2026** को **15:00** बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T)** पर देखें। **2344/26 (AS)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

उत्तर मध्य रेलवे

क्रमांकः- झाँसी/डब्ल्यू/टी/टेण्डर जनरल/230 दिनांकः 14.10.2026

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (**ई-टेन्डरिंग**) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

ई-निविदा सूचना संख्याः झाँसी-इन्जी0-मुख्यालय-2026-230 | अनुमानित लागत रु.: 12456140.00

कार्य का नामः मोबाईल फ़्लैश बट वेल्डिंग अंडर एडीईएन/एचक्यू-I सब डिवीज़न।

अमानत राशिः 249100.00 | निविदा बन्द होने की तिथिः 09/11/2026 at 15:00 hrs.

स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 12 माह

निविदा दिनांक **09/11/2026** को **15:00 बजे** तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR 2348/26(K)

कब्जे की सूचना - (अचल संपत्ति के लिए) नियम 8-(1)

चूँकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से विख्यात) (IIFL-HFL) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12) के साथ नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकताओं को राशि चुकाने के लिए एक माँग नोटिस जारी किया गया था, अतः उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को एतद्द्वारा संपत्ति से संबंधित लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन IIFL HFL द्वारा यहां उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज सहित प्रभारित किया जाएगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले किसी भी समय "IIFL HFL" की बकाया राशि, सभी लागतों, शुल्कों और व्ययों का भुगतान कर देता है, तो सुरक्षित संपत्तियां "IIFL HFL" द्वारा बेची या हस्तांतरित नहीं की जाएंगी और सुरक्षित संपत्तियों के हस्तांतरण या बिक्री के लिए "IIFL HFL" द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा।

उधारकर्ता का नाम /सह-उधारकर्ता	सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति)	कुल बकाया बकाया राशि (रु.)	मांग सूचना की तिथि	कब्जे की तिथि
श्री मुकेश चौहान रामस्वरूप जी श्रीमती रामारूपी बाई दूध डेरी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10394976)	पटवारी हल्का नंबर 26 के अंतर्गत आने वाला, खसरा नंबर 116 का वह पूरा हिस्सा, जो मुड़ियाखेड़ा, बाबई, होशंगाबाद, मध्य प्रदेश 461661 में स्थित है। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः संपत्ति का क्षेत्रफलः 900	रू. 242524/- दो लाख बयालीस हजार पांच सौ चौबीस मात्र	09-06-2026	14-10-2026

अधिक जानकारी के लिए कृपया अधिकृत अधिकारी से संपर्क करें: ब्रांच ऑफिस - 249, द इन्फिनिटी, पहली मंज़िल, म.प्र. नगर जोन II, तुलसी होटल के पास, भोपाल-462011 / या कॉपो. ऑफिस-प्लॉट नं.98, फेस-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा।

स